CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 206 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 8 फरवरी 2025

पीएम मोदी से मिले परिवार के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कंटेनर में घुसी तेज रफ्तार डीसीएम, चालक समेत तीन लोगों की मौत

**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार डीसीएम कंटेनर में घुस गई। हादसे में चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यूपी के सुल्तानपुर में एक्सप्रेसवे पर डीसीएम शुक्रवार की रात करीब 12 बजे पूर्वांचल कंटेनर में घुस गई। हादसे में चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीर रुक गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। सभी मृतक मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसा गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत 129 माइल स्टोन अरवल कीरी करवल के पास हुआ। डीसीएम सवार मछली लेकर लखनऊ की तरफ से बस्ती जा रहे थे।

### घटनाः बरेली में दूल्हा समेत दो की मौत

**बरेली।** बरेली से दिल झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। शादी के चंद घंटों बाद हादसे में दूल्हा समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे से खुशियां मातम में बदल गईं। खबर मिलते ही दुल्हन बेहोश हो गई।
बरेली में शादी समारोह संपन्न होने के बाद रिश्तेदारों के लिए मिठाई लेने जाते समय दूल्हे की कार सड़क पर खड़े ट्रक से भिड़ गई। हादसे में दूल्हा समेत दो लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हुए हैं। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन के परिवारों में कोहराम मच गया। शादी का खुशियां मातम में बदल गईं। दुल्हन समेत सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी रामसहाय अपनी पत्नी और बच्चों के साथ काम के सिलसिले में पंजाब के होशियारपुर में रहते हैं। उनका बेटा सतीश दिल्ली में एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। सतीश की शादी के लिए इन दिनों पूरा परिवार ठाकुरद्वारा स्थित घर आया हुआ है। बृहस्पतिवार को सतीश की शादी मीरगंज के गांव संग्रामपुर निवासी स्वाति के साथ हुई थी। विवाह की रस्में पूरी करने के बाद देर शाम दुल्हन की विदा कराकर सभी घर आ गए। देर रात कुछ रिश्तेदारों को घर लौटना था।

# मौसम : पहाड़ों में आज हल्की बारिश के आसार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

पर्वतीय इलाकों में बिगड़ने वाले मौसम का मैदान में कोई खास असर नहीं देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।
उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में शनिवार को हल्की बारिश होने की संभावना है।
मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर जिले में हल्की बारिश के आसार जताए गए हैं। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पर्वतीय इलाकों में बिगड़ने वाले मौसम का मैदान में कोई खास असर नहीं देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। बीते कुछ साल से बदले मौसम के पैटर्न का सीधा असर तापमान पर देखने को मिल रहा है।



इसका मुख्य कारण यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी इलाकों में सर्दियों के मौसम में आने वाला तूफान पश्चिमी विक्षोभ यानि वेस्टर्न डिस्टर्बन्स यहां तक नहीं पहुंच पा रहा है। खासकर पर्वतीय जिलों तक, जिसके चलते दिन के साथ रात के तापमान में भी इजाफा हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की ठंडी हवाएं ही बारिश और बर्फबारी का माहौल बनाती हैं। लेकिन, बीते कुछ समय से यह ठंडी हवाएं उत्तराखंड तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही हैं। यही कारण है कि जनवरी के बाद फरवरी में भी न बारिश हो रही है और न ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी। उत्तराखंड में मौजूद हिमालयी ग्लेशियर इस बार बेहद कम रिचार्ज हुए हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में पूरे प्रदेशभर में जलसंकट बन सकता है।

बीजेपी ने जीत का श्रेय पीएम मोदी को दिया

# राजधानी में 27 वर्ष बाद भाजपा की सत्ता में वापसी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली में 27 वर्ष बाद भाजपा ने सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने 48 सीटें जीतकर दिल्ली में सरकार बनाने का रास्ता साफ किया है। दो बार से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी 62 सीटों से घटकर 22 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस लगातार तीसरी बार खाता नहीं खोल पाई है। शाम को भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली का तेजी से विकास करेंगे। आज की जीत ऐतिहासिक है। दिल्ली के लोगों ने आपदा को बाहर कर दिया है।
पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया चुनाव हार गए हैं। सत्ता विरोधी लहर में आप के केवल 15 विधायक अपनी सीट बचा पाए हैं। दिल्ली के 19 केंद्रों पर शनिवार सुबह मतगणना शुरू हुई। भाजपा ने शुरू से बढ़त बना ली और अंत तक इसे कायम रखा।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव परिणामों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के शीशमहल को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का काम किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। अरविंद केजरीवाल ने हार के बाद वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि जनता ने हमें मौका दिया और हमने दिल्ली में अच्छे काम किए।



*दिल्ली के लोगों ने परिवर्तन के लिए मतदान किया, क्योंकि वे जिस तरह से चीजें चल रही थीं, उससे तंग आ गए थे। जो लोग जीते हैं उन्हें बधाई। कांग्रेस को कड़ी मेहनत करनी होगी और लोगों के मुद्दों के प्रति उत्तरदायी होना होगा।* **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

*आम आदमी पार्टी इसलिए हारी क्योंकि वह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने की जरुरत को समझने में विफल रही। उसने गलत रास्ता अपना लिया। पैसे ने सबसे आगे रहकर आप की छवि को नुकसान पहुंचाया।* **-अन्ना हजार, भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता**

*हम पूरी विनम्रता से हार स्वीकार करते हैं। हम जनादेश का सम्मान करते हैं। मैं भाजपा को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें चुना है वो उन उम्मीदों को पूरा करेंगे।* **-अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन**

# विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिटायरमेंट की आयु सीमा पांच साल बढ़ाई

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

**आदेश**
- अब 65 वर्ष की आयु तक दे सकेंगे सेवाएं

स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर राजेश कुमार ने सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 65 साल करने के आदेश जारी किए। आयु सीमा बढ़ाने से प्रदेश के 550 विशेषज्ञ डाक्टरों को लाभ मिलेगा।
प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने सेवानिवृत्ति की आयु सीमा पांच साल बढ़ा दी है। अब 65 वर्ष की आयु तक विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं दे सकेंगे। 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर विशेषज्ञ डॉक्टरों को विकल्प देना होगा। जिसके बाद उन्हें मुख्य परामर्शदाता के रूप में खाली पदों पर तैनाती दी जाएगी। स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर राजेश कुमार ने सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 65 साल करने के आदेश जारी किए। उन्होंने कहा, आयु सीमा बढ़ाने से प्रदेश के 550 विशेषज्ञ डाक्टरों को लाभ मिलेगा।
वहीं, राज्य में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी दूर होगी और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। तेजी से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जा रहा है। ऐसे में सरकार ने विशेषज्ञ डाक्टरों को पांच साल की सेवा वृद्धि देने का फैसला किया है। सेवा लाभ केवल उन विशेषज्ञ डाक्टरों को मिलेगा जो अस्पतालों में मरीजों को अपनी सेवाएं देंगे।



60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों से विकल्प लेने के बाद मुख्य परामर्शदाता के रूप में तैनाती दी जाएगी। उन्हें प्रशासनिक पद एवं वित्तीय दायित्वों का प्रभार नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा पदोन्नति भी नहीं की जाएगी। चिकित्सक को वेतन वृद्धि एवं अन्य सेवा लाभ राजकीय कर्मचारियों की तरह लागू होंगे।

# अल्मोड़ा: रामकृष्ण आश्रम तक पहुंची आग

**अल्मोड़ा**
हमारे संवाददाता

फायर सीजन शुरू होने से पहले ही जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी हैं। शनिवार दोपहर मालरोड स्थित रामकृष्ण कुटीर आश्रम से सटे जंगल में एकाएक आग धधक गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग आश्रम की ओर बढ़ने लगी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।
तापमान बढ़ने के साथ अब जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार को अल्मोड़ा नगर के ब्राइटन कार्नर स्थित रामकृष्ण कुटीर आश्रम से सटे जंगल में अचानक आग धधक उठी। विकराल हो चुकी आग आश्रम की ओर से बढ़ने लगी। इससे आश्रम में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में आश्रम के लोगों ने फायर सर्विस को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के साथ मौके पर फायर सर्विस की टीम पहुंची। तब आग ने बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। फायर कर्मियों ने धधक रही आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

# आपत्तिः धार्मिक मामलों को पर्यटन विभाग के अधीन नहीं लाएं

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

महापंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी चारधाम यात्रा के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने धर्मस्व विभाग को पर्यटन में मर्ज किया। इस पर महापंचायत ने आपत्ति जताई है।
उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने धार्मिक मामलों को पर्यटन विभाग के अधीन करने पर आपत्ति जताई है। इसके अलावा आगामी चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या सीमित करने का महापंचायत विरोध करेगी। शुक्रवार को देहरादून के एक होटल में महापंचायत के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें आगामी चारधाम यात्रा के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने धर्मस्व विभाग को पर्यटन में मर्ज किया। इस पर महापंचायत ने आपत्ति जताई है और मांग की है कि धार्मिक मामलों को पर्यटन विभाग से अलग रखा जाए। इसके अलावा केदारनाथ हेली सेवा प्रदाता कंपनियों की अनियमितता पर नाराजगी जताते हुए महापंचायत ने सरकार से हेली कंपनियों के समीप ही विजिलेंस कार्यालय खोलने की मांग की है। यमुनोत्री धाम में सुरक्षा दीवार का कार्य जल्द शुरू करने की मांग उठाई। बैठक में महापंचायत के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल, महासचिव डॉ. बृजेश सती, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, महापंचायत उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष सुनील प्रसाद उनियाल, मंदिर समिति के संरक्षक ज्योति प्रसाद उनियाल, ब्रह्म कपाल तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति बदरीनाथ के अध्यक्ष उमेश सती, बद्रीश पंडा पंचायत के अध्यक्ष प्रवीण ध्यानी, महासचिव राजेंद्र प्रसाद तिवारी, युवा पुरोहित संगठन बदरीनाथ के सचिव गौरव पंचभैया, व्यापार सभा केदारनाथ अध्यक्ष चंडी प्रसाद तिवारी मौजूद थे।



# अग्नि सुरक्षा गोष्ठी, फायर ड्रिल का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भूमि संरक्षण वन प्रभाग के चौगढ़ राजि मुख्यालय बल्दियाखान में प्रभाग स्तरीय अग्नि सुरक्षा गोष्ठी, फायर ड्रिल का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी हेम चन्द्र गहतोडी द्वारा द्वारा मुख्य वन संरक्षक कुमाऊँ डॉ.धीरज पाण्डे, वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त टीआर बीजूलाल का स्वागत किया गया।




इस दौरान गोष्ठी में प्रभाग के अन्तर्गत वनाग्नि काल में अग्नि सुरक्षा कार्यों के लिए की गयी तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मुख्य वन संरक्षक कुमाऊँ एवं वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त द्वारा भी आगामी वनाग्निकाल में अग्नि सुरक्षा के लिए अपने अपने विचारों से अवगत कराया गया। तथा राज्य स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा फिल्म की शूटिंग तथा फायर की मौक ड्रिल का आयोजन भी किया गया।

वहीं मुख्य वन संरक्षक कुमाऊँ डॉ.धीरज पाण्डे द्वारा बताया कि भूमि संरक्षण वन प्रभाग के कर्मचारी तथा क्षेत्रीय वन प्रभाग के कर्मचारी अग्नि सुरक्षा कार्य संयुक्त रूप से सम्पादित करेंगे तथा अग्नि सुरक्षा से जुडे हुए सभी फायर वाचर का बीमा भी कराने, फायर वाचरों को अग्नि रोधक वर्दी उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया।

शीतलाखेत फायर मॉडल के प्रशिक्षक गजेन्द्र कुमार पाठक द्वारा वनाग्नि सुरक्षा में जन-जागरूकता अभियान एवं अग्नि सुरक्षा के लिए फायर लाईन के सम्बन्ध में बताया गया तथा सभी ग्रामवासियों से अग्नि सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान कुन्दन सिंह बिष्ट, अतुल भगत, हेम चन्द्र गहतोड़ी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग राजेन्द्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, डॉ.धीरज कुमार जोशी, वन क्षेत्राधिकारी ओखलकाण्डा नवीन चन्द्र जोशी, वन क्षेत्राधिकारी मुक्तेश्वर, नितिश तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी, रामगढ़, मनोज कुमार जोशी, वन क्षेत्राधिकारी बेतालघाट, प्रमोद बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी, चौगढ़,वन दारोगा जीवन चन्द्र काण्डपाल, चन्द्र शेखर जोशी,गिरधर सिंह नेगी, सुरेश चन्द्र आर्या, प्रदीप पंत, संरपच च्यूनी वन पंचायत, भगवती देवी, संरपच डहरा वन पंचायत संतोष शर्मा, गोपाल सिंह बिष्ट,स्वयं सहायता समूह मित्र संस्था के उपाध्यक्ष नरेन्द्र पपनोई समेत अन्य लोग रहे।



# वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जोशी व नरेश कुमार की माताश्री के निधन पर शोक जताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

एनयूजे (इंडिया) की नैनीताल इकाई द्वारा शुक्रवार को पंत पार्क में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जोशी की माताश्री व नरेश कुमार की माताश्री के साथ ही भवाली के पत्रकार प्रवीण कपिल की धर्मपत्नी के अलावा सुनील बोरा के जेठू व लता नेगी के पुत्र के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा गया।

इस दौरान डा. नवीन जोशी,माधव पालीवाल,रविन्द्र पाण्डे,अफजल हुसैन फ ौजी, राजू पाण्डे, अजमल हुसैन, रमेश चन्द्रा, गौरव जोशी,कांता पाल,समीर साह,इंदर सिंह नेगी,गुड्डू ठठोला,आकांक्षी माडमी,हिमानी रौतेला सहित नगर के अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# ढोलक बस्ती एवं बनभूलपुरा गली नंबर 17 में नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम मे राजकीय नशा मुक्ति केंद्र पांडे नवाड़ हल्द्वानी के केंद्र प्रभारी चंचल कुमार अपनी टीम के साथ ढोलक बस्ती एवं बनभूलपुरा गली नंबर 17 में नशे के खिलाफ जन जागरूकता , नशे से हानि उसके निशुल्क पुनर्वास हेतु शिविर का आयोजन कर जानकारी प्रदान की गई। इनके द्वारा अवगत कराया गया जिनके परिवार में कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है और पूरा परिवार परेशानी उठा रहा है, ऐसे परिवार जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में निशुल्क निशुल्क काउंसलिंग के लिए आ सकते हैं। शिविर में केंद्र के पुनर्वास अधिकारी सुनीता भट्ट एवं रोशन आदि उपस्थित थे।




## NEWS / फटाफट

### अज्ञात लोगों ने कार के सीसे के तोड़े

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने वहां पार्क एक कार के सीसे के तोड़ दिए। कार स्वामी ने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी संजय ने राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के पीछे डॉक्टर आवास के समीप रात को अपनी कार पार्क की थी जब सुबह वह अपनी कार के समीप पहुंचे तो उनकी कार के सीसे टूटे हुए थे। पूछताछ में घटना का कुछ पता नहीं लग पाया जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले में कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### सड़क पर जानवर आने से कार पैरापिट में टकराई

**नैनीताल**। नैनीताल- कालाढूंगी रोड पर गुरुवार की देर रात जंगली जानवर सडक़ में आने जाने से कार पैरापिट में टकरा गई। इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात को नंदन अपनी कार से कालाढूंगी को ओर जा रहे थे, इस दौरान मंगोली के समीप उनकी कार के सामने अचानक एक जंगली जानवर आ गया। जंगली जानवर को बचाने के लिए उन्होंने कार का स्टेयरिंग घुमाया तो कार पैरापिट से टकरा गई। गनीमत रही कि इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। मामले में कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि कार चालक की ओर से सूचना दी गई थी किसी को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है।

### सड़क पर स्कूटी पार्क करना पड़ा महंगा

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में टैक्सी बाइक व स्कूटी संचालकों सड़क पर स्कूटी पार्क करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पांच टैक्सी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि तल्लीताल डांठ से टोल चुंगी तक टैक्सी बाइक चालकों ने टैक्सियां पार्क करने का अड्डा बना दिया है जिसके चलते राहगीरों को सडक पर चलना पड़ रहा है। जिसके चलते कई बार यातायात बाधित होता है। इधर तल्लीताल पुलिस की ओर से क्षेत्र में शुक्रवार को अभियान चालाया गया, जिसमें पहले मुनादी कर टैक्सी बाइकों को सडक़ से हटाने की अपील की। इसके बाद भी सडक़ से कई स्कूटियां नहीं हटाई गई जिस पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई करना शुरू कर दिया। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि शाम नो पार्किंग जोन में स्ककूटी पार्क करने पर पांच टैक्सी बाइक संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### कलावती पंत बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के कलावती पंत बालिका छात्रावास का शुक्रवार को परिसर के डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत द्वारा निरीक्षण किया गया तथा वहां के जीर्णोद्वार का मुआयना किया। निरीक्षण में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ गगन होती,डॉ अशोक कुमार तथा वार्डन डॉ हिमांशु लोहनी तथा लाल सिंह शामिल रहे । निरीक्षण के बाद निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही विद्यार्थियों को के पी हॉस्टल में स्थानांतरित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा दी जा सके । टीम ने कुलपति प्रो. रावत द्वारा हॉस्टल में दी गई वाशिंग मशीन तथा आरओ का निरीक्षण भी किया ।

### वाहन नहीं धोया तो नौकरी से हटाया

**हल्द्वानी**। नैनीताल जिले के बेतालघाट में तैनात एक महिला पीआरडी जवान ने पटवारी पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीआरडी जवान ने वाहन धुलवाने और फुलवारी करने समेत तमाम आरोप पटवारी पर लगाए हैं। महिला जवान का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में महिला पीआरडी जवान अपने नाम का जिक्र करते हुए कह रही है कि वह बेतालघाट तहसील में तैनात है। महिला पीआरडी का आरोप है कि क्षेत्र में तैनात एक पटवारी उससे फूलबाड़ी, गुडाई करने के अलावा वाहन धुलवाई और अन्य निजी कार्य कराते हैं। जबकि कार्यालय में सफाई कर्मी इसके लिए तैनात हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पांच दिनी रंग मंच प्रशिक्षण कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शुक्रवार से गुरुजनों के लिए पांच दिनी रंग मंच प्रशिक्षण कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला शुरु हो गयी है।

बता दे कि कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. ज्योतिर्मय मिश्र प्रवक्ता/ समन्वय चौधरीए तथा प्रधानाचार्य तथा प्रशिक्षण विशेषज्ञ के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी हरीश पाण्डे हल्द्वानी,शम्भू दत्त साहिल हल्द्वानी, मोहन जोशी हल्द्वानी, मनमोहन चौधरी अल्मोड़ा तथा बृजमोहन जोशी नैनीताल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया जिसमें मोहन जोशी द्वारा मां सरस्वती वन्दना का गायन के साथ साथ शिक्षक प्रतिभागियों को भी सरस्वती वन्दना का प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरांत डॉ. ज्योतिर्मय मिश्र जी द्वारा सभी प्रशिक्षकों का परिचय कराया गया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य द्वारा इस कार्यशाला के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गयी इसके उपरांत प्रशिक्षक बृजमोहन जोशी द्वारा कुमाऊंनी लोक संस्कृति के विविध आयामों कि विस्तृत जानकारी के साथ साथ कुमाऊंनी पारम्परिक लोक चित्र कला ऐपण की जानकारी दी गई। इसके उपरांत वरिष्ठ रंगकर्मी हरीश पाण्डे द्वारा रंग मंच की उत्पत्तिएनाटक का उद्देश्य तथा भरत मुनि के नाट्य शास्त्र की विस्तृत जानकारी के साथ साथ सेक्सपियर, कालीदास तथा भारतेंदु हरिश्चंद्र से लेकर वर्तमान में नाटक के स्वरूप के विषय में जानकारी दी। प्रशिक्षक मोहन जोशी द्वारा रंग मंच में लोक संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए झोड़ा,छपेली, चांचरी, न्योली,बैर व भगनौल आदि की जानकारी प्रशिक्षकों को दी जबकि प्रशिक्षक शम्भू दत्त साहिल द्वारा प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि क्यों लोक संस्कृति के शिक्षा के साथ जोडने की आवश्यकता पड़ी।

# किसानों की आर्थिकी सुधारने में मदद करेंगे अधिकारी: मुख्यमंत्री

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि, उद्यान, समाज कल्याण विभाग में चयनित कुल 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमें 333 सहायक कृषि अधिकारी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में वर्ग-दो के 37, वर्ग-तीन के 227 और 12 सहायक समाज कल्याण अधिकारी शामिल हैं।

शनिवार को हिमालयन सांस्कृतिक ऑडिटोरियम गढ़ीकैंट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नव चयनित अभ्यर्थियों के जीवन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। सभी उत्तराखंड में कृषि क्षेत्र के उत्थान और समाज कल्याण के संकल्प को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि ये युवा अभ्यर्थी अपनी मेहनत और निष्ठा से उत्तराखंड में कृषि के क्षेत्र में नवाचार करेंगे और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने का कार्य करेंगे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भी चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-नियुक्त अधिकारी प्रदेश के किसानों की उन्नति में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, प्रमोद नैनवाल, सचिव एसएन पांडेय, डॉ. नीरज खैरवाल, महानिदेशक कृषि एवं उद्यान रणवीर सिंह चौहान, निदेशक उद्यान दीप्ति सिंह, निदेशक समाज कल्याण प्रकाश चंद एवं निदेशक कृषि केएस पाठक उपस्थित थे।

**सीएम ने कृषि क्षेत्र में दी जा रही सुविधाएं गिनाईं**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज, कृषि उपकरण खरीदने के लिए 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी और गेहूं की खरीद पर कृषकों को प्रति क्विंटल 20 रुपये का बोनस दिया जा रहा है। प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित लगभग 18 हजार पॉलीहाउस का निर्माण किया जा रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ ही रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त अधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# अभिमत

## धर्म और आडम्बर

*धार्मिक आयोजन पुण्य के लिए किया जाता है, परन्तु धर्म के नाम पर आडम्बर नहीं होना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने दो टूक कहा है कि लाउडस्पीकर किसी भी धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। जिम्मेदार विभागों को ध्वनि प्रदूषण के मानकों और नियमों का उल्लंघन करने वाले लाउडस्पीकर मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के संबंध में पहले भी न्यायालय फैसले सुना चुका है।*

धर्म के नाम पर स्वार्थसिद्ध करने का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। धार्मिक आयोजन पुण्य के लिए किया जाता है, परन्तु धर्म के नाम पर आडम्बर नहीं होना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय ने दो टूक कहा है कि लाउडस्पीकर किसी भी धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। जिम्मेदार विभागों को ध्वनि प्रदूषण के मानकों और नियमों का उल्लंघन करने वाले लाउडस्पीकर मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के संबंध में पहले भी न्यायालय फैसले सुना चुका है। लाउडस्पीकर को मुद्दा बनाकर साम्प्रदायिक दंगे हो चुके हैं। राजनीतिक स्वार्थवश धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर हटाये नहीं गये हैं। ध्वनि के मानक का पालन असंभव नहीं, तो कठिन अवश्य है। सभी धर्मग्रंथों में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की सीख है। धार्मिक आयोजन किसी व्यक्ति विशेष के हित में नहीं होता है। समाज सुधारक कवियों ने भी आडम्बर को झुठलाया है। ईश्वर कर्म और आस्था से ही प्रसन्न होता है और फल मिलता है। लाउडस्पीकर की तेज आवाज का तात्पर्य सिर्फ दिखावा है। न्यायालय ने धार्मिक आयोजन के साथ ही विवाह समारोह, राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भी ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई है। रात के दस बजे के बाद विवाह समारोह में डीजे का प्रयोग वर्जित है। देर रात में बैंड बाजे के साथ बारात निकालने पर प्रतिबंध है। वाहनों में तेज ध्वनि के हार्न का प्रयोग करने पर चालान किया जाता है। ध्वनि प्रदूषण से छात्र-छात्राओं के अध्ययन में बाधा पड़ती है। रात को लाउडस्पीकर और बैंड बाजे की तेज आवाज बीमार तथा वृद्ध लोगों के लिए जानलेवा साबित हो जाती है। रात को घर के निकट लाउडस्पीकर तथा बैंड बाजे की आवाज से छात्र-छात्राएं अध्ययन नहीं कर पाते हैं। बीमार और वृद्ध लोगों को तेज आवाज से हृदयाघात के मामले भी प्रकाश में आये हैं। नवजात से लेकर दो-तीन साल तक के बच्चे रात में तेज आवाज से जाग जाते हैं, इससे पूरे परिवार को रातभर जागते हुए गुजारनी पड़ती है। जल और वायु की तरह ध्वनि प्रदूषण भी स्वास्थ्य के लिए घातक है। तेज आवाज मनोरंजन का परिचायक नहीं है। मनोरंजन की आड़ में ध्वनि प्रदूषण अपराध है और इस पर रोक लगनी चाहिए।

# भवाली में विकास की गंगा बहाने को ली शपथ

**भवाली**

**हमारे संवाददाता**



नगर पालिका परिषद भवाली की नव निर्वाचित पालिका बोर्ड के निर्वाचित अध्यक्ष तथा सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी बी. पी. पंत ने नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष पंकज आर्य समेत सभासदों क्रमशःकिशन अधिकारी, नजमा खान, तुलसी देवी, सपना कुमारी, संजय जोशी, विनोद तिवारी तथा मुकेश कुमार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इससे पूर्व पालिका सभागार में सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फ ूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर के वयोवृद्ध कांग्रेस नेता घनश्याम सिंह बिष्ट ने नवनिर्वाचित बोर्ड को आशीर्वचन देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जबकि नगर की वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री खष्टी बिष्ट ने सभी जनता जनार्दन का आभार प्रकट करते हुए भवाली पालिका बोर्ड की नवनिर्वाचित टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभा का कुशल संचालन मनीष साह ए एवं प्रशांत जोशी ने किया।

इस विशेष मौके पर नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष पंकज आर्य ने कहा कि वर्तमान में नगर क्षेत्र में विकराल होती पानी की समस्या के बारे में सभी लोगों से विचार विमर्श कर जल्दी ही इस समस्या का समाधान खोजा जाएगा। आर्य ने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए नगर की जनता तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। कहा कि जनता की ओर से उन्हें जो अहम जिम्मेदारी सौपी गयी है उसका वह सभी पालिका के सभासदों को साथ लेकर निर्वह्न करेंगे। कहा कि टीम भावना से कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस दौरान सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन अधिकारी, ईओ सुधीर कुमार, कांग्रेस चुनाव प्रभारी भुवन तिवारी, जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, कंचन बेलवाल, सुजान रजवार,नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल,अफ सर अली, पूर्व पालिकाध्यक्ष भीमताल दीपक चतौतिया, रुचि बेलवाल, एडवोकेट नवनीश नेगी, भागवत प्रसाद, हरीश भट्ट, नरेश पांडे, सुजान रजवार, लोकेश जोशी, नवीन तिवारी, संजीव भगत, प्रशांत जोशी, मनीष साह, अफ सर अली, पुष्पेश पांडे, मनोज तिवारी, तरुण जोशी, प्रियंका जोशी, पंकज जोशी, गौरव नेगी, तुलसी बिष्ट, बीना पांडे, सुनीता साही, रितु कुमारी,रचना, सुमन देवी, सुरुचि देवी, प्रेमा, ममता पांडे, बहादुर सिंह बिष्ट,रमेश आर्य, चम्पा आर्या तथा संतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में भगदड़ में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ में मारे गए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए कांग्रेस मुख्यालय भवन में शांति पाठ और हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक प्रकट करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश महामंत्री विरेन्द्र पोखरियाल के संयोजन में शांति पाठ और हवन का आयोजन किया गया। पंडित शशिकांत ने वैदिक मंत्र उपचार कर शांति पाठ एवं हवन कराया।

इस अवसर पर पोखरियाल ने कहा सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संवेदना मृतक और मृतकों के परिवारजनों के साथ है। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश सरकार की अव्यवस्थाएं जिम्मेदार हैं। 100 करोड लोगों के लिए व्यवस्था का दावा करने वाली सरकार इस दुखद घटना से पोल खुल गई है।

# नैनीताल में चल रहे पांच दिनी बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का भव्य समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नेहरू युवा केंद्र एवं माई भारत नैनीताल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र नैनीताल में चल रहे पांच दिनी बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान.प्रदान कार्यक्रम का शक्रवार को भव्य समापन हो गया। बता दें कि कार्यक्रम में राजस्थान के बाड़मेर जबकि पंजाब के अमृतसर, बिहार के मधुबनी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के 5-5 युवा एवं दो ग्रु लीडर समेत कुल 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार पांडे (मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी राज्यों के प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जहां बिहार राज्य की छट पूजा को अनेकता में एकता के रूप में दिखाया गया वहीं राजस्थान के लोक नृत्य की प्रस्तुति दी, पश्चिम बंगाल द्वारा जल ही जीवन है विषय पर प्रदर्शनी दी गई तो उत्तर प्रदेश की टीम ने स्वतंत्रता संग्राम की कुछ झलक प्रस्तुत की और पंजाब के प्रसिद्ध भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार पांडे ने सभी की प्रस्तुति की सराहना की और सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और युवाओं को ज्ञान की जिज्ञासा रखने एवं सभी संस्तुति का सम्मान करने के बारे में बताया और साथ अपने भ्रमण के अनुभव साझा किए । मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा भी सभी प्रतुस्तियों की सराहना की गई एवं इसी तरह आगे भी प्रतिभाग करते रहने के लिए प्रेरित किया गया । समापन मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए । जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया द्वारा सभी अतिथियो एवं प्रतिभागी युवाओ का आभार प्रकट किया गया, पुष्कर दानू प्रशिक्षक द्वारा युवाओं का आभार प्रकट किया गयाए समापन से पूर्व सभी राज्यों के युवाओं द्वारा अपने अनुभव साझा किये एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नेहरू युवा केन्द्र नैनीताल का आभार प्रकट किया गया। राजस्थान से ललित सुथार, उत्तर प्रदेश से देवेंद्र पाल तथा पश्चिम बंगाल से मोमन्नान, बिहार से अमन, पंजाब से असीम द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए नेहरू युवा केन्द्र नैनीताल की सराहना की । संचालन श्री हरगोविंद सिंह मेहरा लेखा एवं कार्यक्रम पर्वेक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आरती, रूपा तथा अनुज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# फिल्मी दुनिया

## पीएम मोदी से मिले परिवार के साथ अभिनेता नागार्जुन



*अभिनेता नागार्जुन ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. यार्लागड्डा लक्ष्मी प्रसाद की पुस्तक अक्कीनेनी का विराट व्यक्तित्व भेंट की। दिग्गज अभिनेता नागार्जुन ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. यार्लागड्डा लक्ष्मी प्रसाद की पुस्तक अक्कीनेनी का विराट व्यक्तित्व भेंट की। यह पुस्तक उनके पिता अक्किनेनी नागेश्वर राव को श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान अभिनेता के साथ उनकी पत्नी अमला अक्किनेनी, बेटे नागा चैतन्य और बहू शोभिता धूलिपाला भी मौजूद थीं। मुलाकात के बाद नागार्जुन ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट करते हुए पीएम मोदी का आभार जताया। अभिनेता ने अपनी पोस्ट में लिखा, आज संसद भवन में हुई बैठक के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. यारलागड्डा लक्ष्मी प्रसाद द्वारा लिखी गई पुस्तक अक्किनेनी का विराट व्यक्तित्व को प्रस्तुत करना सम्मान की बात थी, जो मेरे पिता एएनआर गारू की सिनेमाई विरासत को श्रद्धांजलि है। उनके जीवन के काम को आपकी मान्यता हमारे परिवार, प्रशंसकों और भारतीय फिल्म प्रेमियों के लिए बहुमूल्य है। हम इस अवसर के लिए बेहद आभारी हैं।*

### शोभिता धुलिपाला ने भी पीएम के साथ साझा की तस्वीरें

*नागार्जुन की बहु और अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पीएम मोदी के साथ तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में पीएम मोदी, शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य नजर आ रहे हैं और पीएम को उपहार भेंट कर रहे हैं। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में पीएम का धन्यवाद करते हुए लिखा, संसद भवन में आज की बैठक के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. यारलागड्डा लक्ष्मी प्रसाद द्वारा लिखित 'अक्किनेनी का विराट व्यक्तित्व' को प्रस्तुत करना सम्मान की बात थी, जो एएनआर गारू की सिनेमाई विरासत को समर्पित है।*

# माघ माह पर भव्य खिचड़ी भोग का आयोजन किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड की ओर से माघ माह के पावन महीने के अवसर पर भव्य खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। माघ मास की खिचड़ी भोग का आनंद सैकड़ों लोगों ने लिया।

कार्यक्रम स्थल प्रदेश कार्यालय सशक्त एकता उद्योग व्यापार में माघ मास की खिचड़ी आयोजन में सभी व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सहभागिता की। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष लाखन सिंह निगल्टिया, प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट, प्रदेश सचिव चंदन बिष्ट, महिला प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा प्रदेश सह प्रभारी गंगा साही, प्रदेश महामंत्री महिला ज्योति अवस्थी, प्रदेश प्रवक्ता संजय त्यागी,तरूण वानखेड़े जिला प्रभारी संजय बिष्ट,सह प्रभारी राहुल जोशी, जिला प्रभारी मंजू साह, आदि सभी लोग मौजूद रहे माघ मास की प्रसाद सैकड़ों लोगों ने आनन्द लिया।



C M Y K

हलचल

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

● हल्द्वानी ● शनिवार ● 8 फरवरी 2025

सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप



News कॉर्नर

## 620 आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन किया

**नैनीताल** । जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने पूर्ति लिपिक गौरव जोशी के साथ कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में लगातार दूसरे दिन यानी शुक्रवार को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक राजेश्वर कमल कांत आर्या की उपस्थिति में वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में प्राप्त लगभग सभी 620 आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। बिष्ट के मुताबिक इस भौतिक सत्यापन रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में जिलाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रेषित की जा रही है।

## नए-पुराने नगर निकायों को मिलेंगे अपने भवन

**देहरादून।** राज्य में शहरी विकास विभाग के कई नए-पुराने निकायों को अपने भवन मिलने जा रहे हैं। विभाग ने इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। जबकि कुछ निकायों में शासन की अनुमति के बाद अपने स्रोतों से निकायों की ओर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। विभाग की ओर से नौ निकायों में कार्यालय भवन निर्माण के लिए करीब 90.12 करोड़ के प्रस्ताव शासन को भेजे हैं। प्रदेश में कई निकायों पर अपना भवन नहीं है। विभाग के प्रस्ताव को शीघ्र मंजूरी मिलने की उम्मीद है। जिन निकायों में भवन निर्माण के प्रस्ताव भेजे गए हैं उनमें नगर पंचायत लालपुर, पिरान कलियर, महुआडाबरा, तपोवन और केलाखेड़ा हैं। इसके अलावा श्रीनगर नगर निगम कार्यालय भवन के लिए भी 22.63 करोड़, पिथौरागढ़ नगर निगम के लिए 18.05 करोड़ और रुद्रपुर नगर निगम के लिए 8.5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शहरी विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता रवि पांडे ने बताया कि भवन निर्माण के लिए जमीन की व्यवस्था निकायों के स्तर पर की गई है।

# श्रीनगर की पहली मेयर आरती भंडारी व 40 पार्षदों ने ली शपथ

**श्रीनगर गढ़वाल**

हमारे संवाददाता

रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत संस्कृत विद्यालय के छात्रों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इसके बाद मेयर आरती भंडारी ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

नगर निगम श्रीनगर की पहली मेयर आरती भंडारी व 40 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को रामलीला मैदान आयोजित किया गया। इस मौके पर मेयर को अपर जिलाधिकारी पौड़ी अनिल कुमार गबर्याल तथा पार्षदों को मेयर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मेयर आरती भंडारी ने तीलू रौतेली, हेमवती नंदन बहुगुणा,




पंथ्या दादा, माधो सिंह भंडारी, मोलाराम तोमर, बैरिस्टर मुकुंदीलाल, भोलादत्त काला, इंद्रमणी बडोनी और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जैसी महान विभूतियों को नमन किया व उनके चित्रों को अलग शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर विशेष स्थान दिया। रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत संस्कृत विद्यालय के छात्रों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इसके बाद मेयर आरती भंडारी ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को विश्वास दिलाया की नगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूल मालाएं एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट किए।

इस मौके पर तहसीलदार धीरज राणा, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी एवं गायत्री, मुख्य सफाई निरीक्षक शशि पंवार, लखपत भंडारी आदि आदि मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद नगर निगम कार्यालय में नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक हुई। इससे पहले मेयर ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर की समृद्धि व विकास के लिए विधिवत पूजा-अर्चना और हवन किया। पहली बोर्ड बैठक में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया व मेयर आरती भंडारी ने शहर में वाल्मीकि चौक बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य श्रीनगर के सर्वांगीण विकास को गति देना और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुनियोजित बनाना है। उन्होंने नगर के नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि श्रीनगर को आदर्श नगर बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कहा नगर निगम के सदस्यों का कर्तव्य है कि श्रीनगर के हर व्यक्ति की समस्या का समय पर समाधान हो और सभी नगरवासियों की सहायता करना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर नगर आयुक्त नुपूर वर्मा, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी आदि मौजूद रहे।

# नगर आयुक्तत का फिर से चला अतिक्रमण पर डंडा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर प्रशासन ने आज अतिक्रमण हटाने के लिए वर्कशाप लाइन की ओर रूख किया। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने पूरी टीम के साथ अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

प्रशासन ने सबसे पहले आज वर्कशाप लाइन, ठंडी सड़क, ऐरोडम रोड, नैनीताल रोड में अतिक्रमण अभियान चलाकर सड़क चौड़ीकरण करने का काम किया। इस दौरान वर्कशाप लाइन में जितने भी कबाड़ी काम करने वाले थे उनका सामान जब्त किया। वहीं कूड़ा घर के पास किये गये अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया। इधर ऋचा सिंह ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही की जायेगी। अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त कर लिया जायेगा। उन्होंने मीडिया के माध्यम से संदेश देत हुए




कहा कि फुटपाथ लोगों को चलने के लिए है न की अतिक्रमण के लिए, लिहाजा ध्यान रखा जाय की सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाये। जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है वह स्वंय ही हटा लें अन्यथा नगर प्रशासन की टीम कभी भी ऐसे मामलों में ध्वस्त करने के लिए पहुंच सकती है। नगर आयुक्त ने कहा कि फुटपाथ पर अतिक्रमण की बजह से सड़क सिकुड़ती जा रही हैं। इसकी बजह से आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, अनमोल अस्वाल आदि मौजूद थे।

# सरकार की सही नीतियों से प्रगति संभव: सीएम योगी

**ऋषिकेश**

हमारे संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की सही नीतियों से क्षेत्र की प्रगति संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को उत्तराखंड में प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सराहनीय कार्य किया है। यही वजह है उत्तराखंड के हर क्षेत्र में आज बड़े बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए सीएम योगी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई भी दी।

यह बातें सीएम योगी ने शनिवार को पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर, राजकीय जूनियर हाईस्कूल कांडी तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय विथ्याणी में नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण करने के दौरान कही। उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय ठांगर में 5वीं कक्षा तक मेरी पढ़ाई हुई है। आज अपने बचपन के विद्यालय में आकर मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। विद्यालय अब नये स्वरूप और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर दिख रहा है। सीएम योगी और धामी ने आईजीएल की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया। सीएम योगी ने कहा कि यदि सरकार के पास स्पष्ट विजन हो तो प्रगति संभव है।

### 'प्रयागराज-मेरठ एक्सप्रेसवे को हरिद्वार से जोड़ा जाए'

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रयागराज से मेरठ तक गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक जोड़ने का आग्रह किया है। कहा कि एक्सप्रेसवे से उत्तराखंड के लोगों का भी प्रयागराज तक आवागमन आसान हो सकेगा।

# केरल फुटबॉल चैंपियन उत्तराखंड उप बना विजेता

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हजारों दर्शकों की मौजूदगी में राष्ट्रीय खेलों का फुटबॉल फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें केरल ने उत्तराखंड को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

पहली बार राष्ट्रीय खेलों के फाइनल तक पहुंची उत्तराखंड की टीम का समर्थन करने के लिए स्टेडियम खचाखच भरा रहा। मैच के मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, कुमाऊं कमिश्नर एवं मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।मैच का पहला हाफ बिना किसी गोल के खत्म हुआ, लेकिन दूसरे हाफ के 53वें मिनट में केरल के गोकुल ने गोल कर बढ़त बना ली, जो अंत तक कायम रही। निर्धारित 90 मिनट के बाद मिले 9 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में भी उत्तराखंड की टीम गोल करने में असफल रही।

हालांकि, उत्तराखंड ने पूरे मैच में शानदार खेल दिखाया और पहली बार फाइनल में पहुंचकर सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ केरल ने तीसरी बार राष्ट्रीय खेलों में फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता। केरल की टीम पूरे मैच में संयमित और संगठित रही, जिससे उन्हें जीत हासिल करने में मदद मिली। उत्तराखंड की टीम के इस प्रदर्शन से राज्य में खुशी की लहर है, और दर्शकों ने टीम के जबरदस्त प्रयासों की जमकर सराहना की।



# दिल्ली में मिली जीत पर देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मनाया जश्न

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से जीत मिली है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली का विकास डबल इंजन सरकार में तेजी से होगा।

दिल्ली चुनावों में मिली बंपर जीत के बाद शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और प्रदेश अध्यक्ष भट्ट के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इन नतीजों को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की जीत बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र में किए सभी वादों को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 साल बाद देश की राजधानी से गैर भाजपा सरकारों की विदाई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि पार्टी संकल्प पत्र में जो भी बातें कहती है उन्हें पूरा जरूर करती है। उन्होंने कहा कि आप की सरकार ने दिल्ली के लोगों के विश्वास को छलने का काम कर दिल्ली को सबसे प्रदूषित राजधानी बनाने का काम किया है। उन्होंने इस जीत के लिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को बधाई दी।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दिल्ली में मिली जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग का इस जीत में योगदान रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, विधायक विनोद चमोली, सविता कपूर, खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, मनवीर चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सीएम ने कार्यकर्ताओं को खिलाईं जलेबी

प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष और सीएम ने एक दूसरे का मुंह मीठा करने के साथ ही सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में मिठाई वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें जलेबी खिलाकर जीत की बधाई भी दी।

### धामी के प्रचार वाली 80 फीसदी सीटों पर मिली जीत

**देहरादून।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। मुख्यमंत्री ने जिन सीटों पर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया उनमें से 80 फीसदी पर पार्टी को जीत मिली है। विदित है कि दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड में यूसीसी लागू किए जाने के साथ ही, सख्त नकल विरोधी कानून और 19 हजार से अधिक पदों पर भर्ती को जोर शोर से उठाया। मुख्यमंत्री की रैलियों में बड़ी संख्या में उमड़ रही मतदाताओं की भीड़ से पहले ही पार्टी की जीत के संकेत मिल रहे थे। लेकिन अब मतगणना के बाद इस पर मुहर लग गई है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में कुल 23 प्रत्याशियों के समर्थन में करीब 52 सभाएं की। जिसमें से 18 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। विदित है कि उत्तराखंड में कई ऐतिहासिक निर्णय लेने के बाद मुख्यमंत्री धामी का राष्ट्रीय राजनीति में कद बढ़ रहा है। पिछले दिनों अन्य राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भी उनका स्ट्राइक रेट शानदार रहा है।